आधुनिक विश्व – I

पा.सं.	अध्याय शीर्षक	कौशल	क्रियाकलाप
3	आधुनिक विश्व–I	समालोचनात्मक सोच, रचनात्मक सोच, समस्या समाधान, आत्म बोध	संदर्भ पुस्तकों एवं इंटनेट से प्राप्त सूचना के साथ अन्तर्क्रिया

अर्थ

आधुनिक युग के आगमन एवं सांमतवाद के पतन के साथ, किसानों पर लगी पाबंदियां बीते युग की बात हो गई तथा शक्तिशाली व्यापारी वर्ग का उदय हुआ जिन्होने नए स्थानों की खोज में निवेश किया। इससे औद्योगिक क्रांति आई जिससे पूरे विश्व में क्रान्तिकारी बदलाव आया। यह आधुनिक युग का प्रारम्भ था।

पुनर्जागरण

- पुनर्जागरण ऐसी संचेतना है जिसने विवेक व सोच को सामाजिक तथा राजनैतिक क्षेत्र में प्रेरित किया तथा जीवन के हर पक्ष को प्रभावित किया।
- व्यापारिक मार्गो की खोज से वस्तुओं का आगमन हुआ जिसने यूरोप वासियों के जीवन को खुशहाल बनाया।
- इस अवधि में नए विचारों जैसे मानवतावाद, बुद्धिवाद और जानकारी प्राप्त करने की भावना का विकास हुआ

सुधार

- मध्यकालीन कैथोलिक चर्च अंधविश्वास, भ्रष्टाचार और धन के लालच से जुड़े हुए थे।
- 1517 ई. में पश्चिम में ईसाई जगत दो भागों में बंट गया: प्रोटेस्टेंट और रोमन कैथोलिक।

विज्ञान का विकास

- पुनर्जागरण वैज्ञानिको ने ज्ञान के सभी क्षेत्रों में अवलोकन व प्रयोगीकरण के रास्तों का मार्ग प्रशस्त किया।
- विज्ञान में पुनर्जागरण युग की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि खगोल शास्त्र में हुई

नई दुनिया की खोज

- नए व्यापारिक मार्गो की खोज ने विश्व इतिहास को बदल दिया
- दक्षिण पूर्व एशिया एवं दक्षिण एशिया के लिए सीधे समुद्री मार्गों की खोज हुई।
- वास्को दी गामा ने भारत की खोज की तथा कोलम्बस, जो भारत की खोज के लिए निकला था, अमेरिका पहुंच गया।
- व्यापार में अत्याधिक वृद्धि तथा औपनिवेशीकरण ने युरोप की सम्पति में काफी वृद्धि की।

औद्योगिक क्रांति

- 1750 ई. के लगभग इंगलैंड में औद्योगिक क्रांति प्रारम्भ हुई।
- कई नए विकास हुए और नई मशीनों के आगमन से उत्पादन में सुधार हुआ व समाज मे असमानता बढ़ी।

क्रांतियों का युग

- राजनैतिक नेतृत्व के विरूद्ध उत्पन्न भारी असंतोष के कारण लोगों ने राज्य के मामलों में अधिक भागीदारी की मांग करना शुरू कर दिया

गौरवपूर्ण क्रांति

- 1688 में इंगलैंड में गौरवपूर्ण क्रांति हुई, जो क्रांतियों के युग से काफी पहले हो गई थी और विश्व की प्रेरणा स्त्रोत बनी। इसको गौरवपूर्ण क्रांति इस लिए कहते हैं कि यह बिना खून बहाए सफल हुई थी।

आज़ादी के लिए अमेरिकी युद्ध

- 1765 में ब्रिटिश संसद ने स्टाम्प अधिनियम पारित किया
- 16 दिसंबर 1773 को कुछ अमेरिकी, आदि भारतीयों के रूप में ईस्ट इंडिया कंपनी के तीन जहाजों पर चढ़ गए तथा इस पर लदी चाय को समुद्र में फेंक दिया जिसको बोस्टन चाय पार्टी कहते हैं।
- इससे युद्ध प्रारम्भ हो गया तथा जुलाई 1776 को फिलाडेल्फिया की कांग्रेस ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता की घोषणा कर दी

फ्रांसीसी क्रांति

- 18वीं शताब्दी में फ्रांसीसी समाज तीन वर्गो या एस्टेटों में विभाजित था
- चर्च में काम करने वाले पादरी पहला एस्टेट थे।
- कुलीन वर्ग का दूसरा एस्टेट विलासिता और धर्म के नाम पर कई विशेषाधिकारों और देश के शासन का आनंद लेता था।
- किसान, आम लोग, शहर के श्रमिक और मध्यम वर्ग के लोग तीसरी एस्टेट में आते थे और भारी करों के बोझ तले दबे थे।
- तीसरे एस्टेट ने करों में समानता तथा पहली दो एस्टेटों के विशेषाधिकारों को निरस्त करने की मांग की। उन्होंने अपने लिए एक राष्ट्रीय असेंबली बनाने की घोषणा की और सम्राट से सारे अधिकार ले लिए।
- परिणाम स्वरूप फ्रांस में पूरी तरह बदली हुई सरकार, प्रशासन, सेना, समाज और संस्कृति देखने को मिली।

इटली का एकीकरण

- 18वीं सदी मे इटली कई राज्यों का एक समूह था और प्रत्येक राज्य का अपना स्वयं का सम्राट और परंपराएं थीं।
- फ्रांस के गणतंत्र बनने के बाद पूरे इटली में गुप्त क्लबों का गठन किया गया ताकि इटली भी गणतंत्र बन सके।

जर्मनी का एकीकरण

- 1815 में नेपोलियन की हार के बाद कई जर्मन एक स्वतंत्र जर्मनी चाहते थे। जर्मनी 39 छोटे राज्यों का संघ था तथा ऑस्ट्रिया और प्राशिया के नेतृत्व में था।
- प्रशिया के राजा कैसर विलियम प्रथम ने जर्मनी का एकीकरण प्रशिया शासन के अधीन करने के लिए प्रधानमंत्री बिस्मार्क को चुना तथा ऑस्ट्रिया और फ्रांस को पूरी तरह से बाहर रखने को कहा।

समाजवादी आंदोलन और रूसी क्रांति

- औद्योगिक क्रांति से समाज मे असमानता पनपी। औद्योगिक मजदूर गरीबी के कारण बुरी अवस्था में जी रहे थे। इसके विपरीत उद्योगपति अमीर थे और आराम से जी रहे थे।
- मजदूरों में एकता हो गई और समाजवाद का विचार जो समाज में समानता लाता है, अपनी जड़े जमाने लगा।
- इसका प्रथम उदाहरण रूसी क्रांति था जिसने विश्व में पहली समाजवादी सरकार की स्थापना की।

स्वयं का मूल्यांकन कीजिए

प्र. सांमतवाद की परिभाषा दीजिए। सांमतवाद के किन्ही दो लक्षणें को लिखिए।

प्र. उद्योगों में लगे मजदूरों की हालत का वर्णन कीजिए जिसने रूसी क्रांति को प्रभावित किया।

प्र. "1688 की गौरवपूर्ण क्रांति विश्व के लिए प्रेरणा बनी " इस कथन की पुष्टि 30 शब्दो में कीजिए।